# राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
## बिहार लोक भवन, पटना–800022


## प्रेस–विज्ञप्ति

*संख्या–192/2026*

## राज्यपाल से पीआईबी चेन्नई की टीम ने मुलाकात की

**पटना 21 सितम्बर, 2026 :–** माननीय राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सय्यद अता हसनैन (सेवानिवृत) से प्रेस सूचना ब्यूरो (पीआईबी), चेन्नई की एक टीम ने बिहार लोक भवन में मुलाकात की। टीम में पीआईबी, पटना एवं सीबीसी, पटना व चेन्नई के प्रतिनिधि और तमिलनाडु के पत्रकार शामिल थे। यह टीम बिहार के आधिकारिक दौरे पर है। तमिलनाडु के पत्रकार बिहार में चल रहे विकास कार्यों और केन्द्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं को देखने और उनके बारे में जानकारी लेने के लिए राज्य के दौरे पर हैं।

बातचीत के दौरान राज्यपाल ने बिहार की समृद्ध प्राकृतिक, ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक विरासत के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बिहार की भूमि अत्यंत उपजाऊ है तथा राज्य में पटना साहिब, बोधगया, नालंदा और राजगीर जैसे महत्वपूर्ण पर्यटन एवं धार्मिक स्थल हैं।

नालंदा का उल्लेख करते हुए राज्यपाल ने कहा कि प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय ज्ञान का एक प्रसिद्ध केन्द्र था, जहाँ विभिन्न देशों से विद्यार्थी अध्ययन के लिए आते थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान नालंदा विश्वविद्यालय एक अंतरराष्ट्रीय शिक्षण संस्थान के रूप में विकसित हुआ है और इसका परिसर नेट जीरो है, जो इसकी खास उपलब्धि है।

राज्यपाल ने पटना के प्रमुख आकर्षणों का भी उल्लेख किया, जिनमें गंगा नदी के किनारे लगभग छह किलोमीटर लंबा मरीन ड्राइव, पटना संग्रहालय और खुदा बख्श ओरिएंटल पब्लिक लाइब्रेरी शामिल हैं।

प्रधानमंत्री की 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' पहल की सराहना करते हुए राज्यपाल ने कहा कि इससे देश के अलग–अलग हिस्सों के लोगों के बीच जानकारी और अनुभवों का आदान–प्रदान बढ़ता है और देश की एकता मजबूत होती है।

आगे पृष्ठ 2 पर....

राज्यपाल ने राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से सीमावर्ती राज्य के रूप में बिहार के रणनीतिक महत्व को भी रेखांकित किया। उन्होंने महिला सशक्तीकरण, शिक्षा, आधारभूत संरचना, विद्युत आपूर्ति और कानून–व्यवस्था के क्षेत्र में राज्य की प्रगति का उल्लेख किया। उन्होंने आईआईटी पटना, आईआईएम बोधगया, सीएनएलयू और एम्स, पटना जैसे प्रमुख संस्थानों तथा सिविल सेवा परीक्षा में बिहार के उल्लेखनीय योगदान की भी चर्चा की।

इस दौरान राज्यपाल ने तमिलनाडु से आए पत्रकारों के बिहार के विकास एवं संभावनाओं से जुड़े प्रश्नों के उत्तर भी दिए।

........................................